हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 93 | हल्द्वानी (नैनीताल) शुक्रवार 13 फरवरी 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## मजदूर अधिकारों पर आजादी के बाद का सबसे बड़ा हमला

**रुद्रपुर मजदूर अधिकारों पर आजादी के बाद का सबसे बड़ा हमला,4 श्रम संहिताओं को वापिस लेने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पूरी ताकत से शामिल हुई उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन**



रुद्रपुर संवाददाता. गल्ला मंडी में एकत्र होकर गांधी पार्क तक निकाला जुलूस, सामूहिक प्रदर्शन में शामिल हुई।आशाओं को सरकारी कर्मचारी घोषित करने और न्यूनतम वेतन देने की मांग बुलंद कीसरकार कर रही है आशाओं का शोषण, चाहिए नियमित वेतन, पक्की नौकरी और सम्मान : ममता पानूट्रेड यूनियन ऐक्टू से सम्बद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल के तहत गल्ला मंडी में एकत्र होकर संक्षिप्त सभा कर गांधी पार्क तक निकाला जुलूस।इस दौरान ऐक्टू की जिला सचिव अनीता अन्ना ने कहा कि, मोदी सरकार मजदूरों, महिला कामगारों के अधिकारों पर हमला कर रही है,आशा वर्कर्स की हालत सभी उत्पीड़ित श्रमिकों में सबसे ज्यादा खराब है. उन्हें तो श्रमिक का दर्जा भी नही दिया जाता, बंधुवा मजदूर की तरह काम लिया जाता है. आशा वर्कर्स पर सरकार नए नए काम का बोझ लगातार बढ़ाते जा रही है. शिशु मृत्यु दर कम करने में आशा वर्कर्स का बहुत बड़ा योगदान है, गर्भवती महिलाओं की देख-रेख के लिए आशाओं को आधी रात में भी बिना किसी विभागीय सहायता के दौड़ना पड़ता है. इसके बावजूद आशा वर्कर्स को वेतन देने के नाम पर सिर्फ नाममात्र की प्रोत्साहन राशि और कुछ योजनाओं का कमीशन दिया जाता है. यह खुला शोषण कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है. प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि चार श्रम कोड वापस लेने, आशाओं को न्यूनतम वेतन 35000 हजार करने, आशा वर्कर्स को राज्य कर्मचारी का दर्जा व न्यूनतम वेतन देने, रिटायरमेंट के समय पेंशन, अस्पताल में सम्मानजनक व्यवहार, ट्रेनिंग स्वास्थ्य विभाग स्वयं कराए और एनजीओ का हस्तक्षेप बंद हो, ट्रेनिंग का प्रतिदिन न्यूनतम 500 रूपये भुगतान करने, सभी बकाया राशि का भुगतान करने, हर माह का पैसा हर माह खाते में डालने सहित अन्य मांगों को लेकर आज आशा वर्कर्स हड़ताल पर हैं।यूनियन की जिला अध्यक्ष ममता पानू ने कहा कि, केन्द्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स को न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा नहीं देकर उनका आर्थिक शोषण कर रही है. जिस सरकार का काम अपने कर्मचारियों की शोषण से रक्षा का होना चाहिए वही उनका शोषण करे इससे अफसोसजनक बात और क्या होगी? भाजपा सरकार के राज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का बजट भी लगातार कम किया जा रहा है जिससे आशाओं का शोषण और भी ज्यादा बढ़ गया है. उन्होंने कहा कि हड़ताल के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खटीमा में आशा यूनियन से डीजी हेल्थ के प्रस्ताव को लागू करने के वादे को अमली जामा पहनाने की मांग भी की जायेगी.

## फायर वॉचर्स को वनाग्नि नियंत्रण की बारीकियों से कराया रूबरू

अल्मोड़ा संवाददाता. आगामी फायर सीजन को देखते हुए वन विभाग ने जंगलों में आग की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अल्मोड़ा वन प्रभाग की सोमेश्वर रेंज के पायखाम अनुभाग में फायर वॉचर्स के लिए एक दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें वनाग्नि रोकथाम और नियंत्रण की व्यावहारिक तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम वन क्षेत्राधिकारी मनोज लोहनी की अध्यक्षता और निर्देशन में सम्पन्न हुआ। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को आग बुझाने से जुड़े तकनीकी पहलुओं का अभ्यास कराया गया तथा फायर रेक के उपयोग, फायर लाइन काटने की विधि और आधुनिक लीफ ब्लोअर के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड में कार्य करते समय सुरक्षा मानकों का पालन करने पर विशेष जोर देते हुए हेलमेट, फायर जैकेट और पानी की बोतल जैसे आवश्यक उपकरणों का उपयोग अनिवार्य बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि वनाग्नि पर नियंत्रण में सतर्कता, प्रशिक्षण और सही तकनीक का समन्वय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## दोहरे हत्याकांड ने पूरे कुमाऊं क्षेत्र को हिला कर रख दिया

हल्द्वानी संवाददाता. /गुरुवार सुबह सामने आए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने पूरे कुमाऊं क्षेत्र को हिला कर रख दिया। बरेली रोड स्थित मंडी परिसर के भीतर एक युवक और युवती के शव सिर कुचली अवस्था में मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। घटना सुनसान मंडी क्षेत्र में रात के अंधेरे में अंजाम दी गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।मृतकों की पहचान, दो जिलों से जुड़ा मामलापुलिस जांच और परिजनों से पूछताछ के बाद युवती की पहचान लक्ष्मी (19 वर्ष), निवासी तल्ली पोखरी, नैनीताल के रूप में हुई है। युवक की पहचान शुभम कुमार टम्टा (31 वर्ष), निवासी तल्ला खोल्टा, अल्मोड़ा के रूप में की गई है। मामला नैनीताल और अल्मोड़ा जिलों से जुड़ने के कारण और संवेदनशील हो गया है।घटनास्थल से मिले अहम सुरागसूचना मिलते ही पुलिस ने मंडी परिसर को सील कर दिया।




## स्मार्ट मीटर मुश्किलों का कारण बनते नजर आ रहे

कालाढूंगी संवाददाता. क्षेत्र में उपभोक्ताओं के यहां लगाए गए स्मार्ट मीटर मुश्किलों का कारण बनते नजर आ रहे हैं। स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मीटर करने के बाद परेशानी और बढ़ गई हैं।जहां एक ओर अधिकारियों का दावा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बिल संबंधी सभी समस्याओं से निजात मिल जाएगी,लेकिन समस्याएं कम होने की वजह और बढ गई है।उपभोक्ता बिल ज्यादा आने पर बिजली घर पहुंच कर एसडीओ का घेराव कर समाधान की मांग की है।उपभोक्ता परेशान होकर कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। स्मार्ट मीटर की रीडिंग में खामियों की भरमार, बिजली बिल ज्यादा आने से उपभोक्ता परेशान हैं। बुधवार को विजयपुर,गुलजापुर,पूरनपुर गांव दर्जनों ग्रामीण मीटर में बिल राशि बढने की शिकायत लेकर पहुंचे उपभोक्ता का बिल स्मार्ट मीटर की फीडिंग के पेच में फंसा बिजली बिल। कई घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इसके बाद यह प्रीपेड में बदल दिए गए हैं। वह स्मार्ट मीटर लगवाने के बाद खुद को कोस रहे हैंहेमा मेहता ने बताया की उसके पति विकलांग है दो कमरों का मकान है 44 दिन का बिल 18937 रूपये का बिल आया है।दीपक ने बताया की 45 दिन का बिल 1600 हजार आया है।प्रेमा तिवारी ने बताया की मेहीनत मजदूरी कर परिवार का भर पोषण होता है एक महीने का बिल 8000 रूपये आया है।बलबीर लाल डंगवाल ने बताया कि दो महिने का बिल 1300 हजार आ गया है।उपभोक्ताओं का कहना है कि जो बिल सामान्य मीटर से गर्मियों में आता था। उतना बिल अभी आ रहा है। उनका कहना है कि बिजली का बिल माइनस होते ही उनकी परेशानी बढ़ जाती है। इससे उन्हें कनेक्शन कटने का भी डर लगने लगता है।विघुत विभाग के एसडीओ को ग्रामीणों ने खूब खरी-खोटी सुनाते हुए कहा की हमारे कनेक्शन काट दो साहब वही पुराने लालटेन व लैंप की दिन अच्छे थे।



# सम्पादकीय

## हड़ताल श्रमिक अधिकारों को कमजोर करती है

चार नयी श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन, भारत की विशाल श्रम शक्ति, विशेष रूप से अनौपचारिक और असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए जीवन यापन में आसानी में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन सुधारों का उद्देश्य, बिना जटिल उद्योग वर्गीकरण की बाधाओं के, सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देना है। प्रत्येक श्रमिक के लिए अनिवार्य पहचान पत्र की शुरुआत करते हुए, ये संहिताएं उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभों तक सीधी पहुंच की सुविधा के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करती हैं। नियमित और अनिवार्य स्वास्थ्य जांच, श्रमिकों की भलाई में मदद करेंगी, जिससे वे स्वस्थ और अधिक उत्पादक जीवन व्यतीत कर सकेंगे। इसके अलावा, समयबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था, पीड़ित श्रमिकों द्वारा सामना किए जाने वाले मानसिक तनाव और अनिश्चितता को कम करने में सहायता करेगी। समग्र रूप से, ये उपाय भारतीय श्रमिकों के लिए गरिमा, सुरक्षा और समावेशी विकास पर केंद्रित एक प्रगतिशील रूपरेखा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हालाँकि, इन सकारात्मक प्रावधानों के बावजूद, राजनीतिक रूप से प्रेरित केंद्रीय श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) का एक हिस्सा अक्सर हड़ताल के प्रतिकूल प्रभाव पर पूरी तरह विचार किए बिना, हड़ताल पर उतर आता है। ऐसी हड़तालों से विशेष रूप से असंगठित अर्थव्यवस्था के लगभग 38 करोड़ श्रमिकों के पारिश्रमिक को भारी नुकसान होता है, जो अपनी जीविका के लिए दैनिक आय पर निर्भर होते हैं। उनके मुद्दों को हल करने के बजाय, बार-बार होने वाली हड़तालें रचनात्मक और कठोर सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया को कमजोर करती हैं, जिससे श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों के लिए न्यायसंगत और संतुलित परिणाम हासिल करने की संभावना कम हो जाती है।समय के साथ, बार-बार हड़ताल बुलाने का प्रयास न केवल अप्रभावी साबित हुआ है बल्कि इसके परिणाम प्रतिकूल भी रहे हैं। बार-बार होने वाली हड़तालों से श्रमिकों में व्यापक थकान दिखाई पड़ता है, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक ऐसे आह्वान को या तो नजरअंदाज करते हैं या उनमें शामिल नहीं होते हैं। कुछ मामलों में, श्रमिकों के एक छोटे हिस्से को उनकी इच्छा के विपरीत हड़तालों में हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे इन आंदोलनों की नैतिक वैधता व सामूहिक ताकत और कमजोर हो जाती है। अंततः, यह प्रवृत्ति श्रमिक कल्याण उपायों के समग्र प्रभाव को कम करती है और श्रमिकों के बीच एकजुटता को कमजोर करती है।हड़तालों के व्यापक परिणाम केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं रहते। औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, दैनिक यात्रियों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है, और सड़क किनारे के विक्रेताओं, घरेलू श्रमिकों और छोटे सेवा प्रदाताओं की आजीविका बाधित हो जाती है। इन श्रमिकों के लिए, केवल एक दिन की आय का नुकसान भी आजीविका संकट पैदा कर सकता है, उन्हें अपनी सीमित बचत को खत्म करने तथा गंभीर आर्थिक असुरक्षा में जाने के लिए मजबूर कर सकता है।भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में, श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियन) को संवाद, आपसी-बातचीत और नियोक्ताओं तथा सरकार के साथ रचनात्मक सहयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थायी सौदेबाजी और सहयोगात्मक समस्या समाधान पर आधारित एक मॉडल उत्पादन, रोजगार, और समग्र आर्थिक वृद्धि को बाधित किए बिना श्रमिकों की समस्याओं का समाधान कर सकता है। वर्तमान संदर्भ में, भारतीय केंद्रीय श्रमिक संघों को, जो धीरे-धीरे अपना प्रभाव खो रहे हैं, आत्मविश्लेषण करने और अन्यत्र अपनाई जाने वाली अधिक प्रभावी और दूरदर्शी तरीकों को अपनाने की आवश्यकता है।भारतीय श्रमिक को एक समग्र दृष्टिकोण के साथ संगठित किया जाना चाहिए, जो जीवन यापन में आसानी, सामाजिक सुरक्षा और सकारात्मक सहभागिता पर जोर देता हो। विवादों का समाधान टकराव के बजाय संवाद के माध्यम से करना यह सुनिश्चित करेगा कि परिचालन प्रक्रिया बाधित न हो और राष्ट्रीय विकास की गति सुचारू रूप से जारी रहे। केवल ऐसे संतुलित और व्यावहारिक रणनीतियों के जरिये ही श्रमिकों के अधिकारों को वास्तविक रूप में मजबूत और दीर्घावधि में सुरक्षित किया जा सकता है।(लेखक ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर (टीयूसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव हैं)

# भाजपा में नबीन युग की शुरुआत

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी के 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की नियुक्ति हो गई है। भाजपा ने संगठन पर्व मना कर उनको अध्यक्ष के पद पर आसीन किया। पिछले महीने 14 दिसंबर को जब उनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया उस समय से यह चर्चा चल रही है भाजपा में ये श्नबीन युग्ग की शुरुआत है। यह एक वर्ड प्ले की तरह है। यहां नए अध्यक्ष के नाम के साथ एक नए युग की शुरुआत का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या भाजपा में सचमुच नए अध्यक्ष के साथ नए युग की शुरुआत होगी और दूसरा सवाल यह है कि क्या सचमुच भाजपा का जो अध्यक्ष होता है उसका कोई युग होता है?भाजपा के अब तक 11 अध्यक्ष हुए हैं लेकिन सबके कार्यकाल को उसके युग के तौर पर नहीं देखा जाता है। 45 साल पहले जब भाजपा बनी तब से मोटे तौर पर दो ही युग रहे। एक अटल-आडवाणी का युग था और अब मोदी-शाह का युग है। बाकी इनके बीच संक्रमण का काल रहा है। सो, भाजपा में यह मोदी-शाह के युग की ही निरंतरता है। हां, उसमें नितिन नबीन को अपने आप को साबित करना है। उनका कार्यकाल इस बात से साबित होगा कि वे आगे बढ़ कर कितनी चुनौतियां स्वीकार करते हैं और उसको पूरा करने में किस तरह की भूमिका निभाते हैं।निश्चित रूप से नए अध्यक्ष का चुनाव भाजपा के नए दौर की या नए युग की शुरुआत नहीं है, बल्कि मोदी-शाह युग की निरंतरता है। इसलिए संगठन का कामकाज पहले की तरह ही चलता रहेगा। फिर भी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का एक बड़ा संदेश आगे की राजनीति के लिए है। भाजपा ने दिखाया है कि वह आगे की राजनीति के लिए किसी तरह का प्रयोग करने का जोखिम उठाने को तैयार रहती है। यह मामूली फैसला नहीं था कि, जिस नेता के पास संगठन का सामान्य से ज्यादा कोई अनुभव न हो, जिसने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में कोई भूमिका नहीं निभाई हो और अपने राज्य में भी अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर की राजनीति में बहुत सीमित काम किया हो उसको सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया जाए। भाजपा ने यह किया तो इसका एक बड़ा संदेश भाजपा के नेताओं के लिए था तो साथ साथ राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के लिए भी था।

याद करें कि पिछले तीन साल में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कितने तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जून 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम होकर 240 पर आने के बाद कैसे कहा जा रहा था कि अब राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ तय करेगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। संघ की पसंद के तौर पर भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। मोदी और शाह की पसंद के तौर पर भी आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन न तो जिनको संघ की पसंद बनाया जा रहा था वे अध्यक्ष बने और न जो बड़े अनुभवी और संगठन से जुड़े नेता थे वे बने। तभी नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना एक चुनौतीपूर्ण और जोखिम वाला फैसला भी है।नितिन नबीन से ज्यादा चुनौती मोदी और शाह की इसलिए है क्योंकि आगे के चुनाव नतीजों और संगठन के कामकाज के लिए जिम्मेदारी उनके ऊपर ही आयद होगी। इस साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी सफलता और विफलता का आकलन नितिन नबीन के कामकाज से नहीं होगा। भाजपा जीतती है तो उसका श्रेय जरूर नितिन नबीन को भी मिल सकता है लेकिन हार का ठीकरा उनके ऊपर नहीं फूटेगा। न तो विपक्ष उनको जिम्मेदार ठहराएगा और न भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उनको जिम्मेदार मानेंगे। संगठन के मामले में मोदी और शाह के अब तक के ज्यादातर फैसले मास्टरस्ट्रोक साबित होते रहे हैं या यूं कहें कि लगातार चुनावी कामयाबी मिल रही है इसलिए संगठन में किसको कहां बैठाया गया यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह जाता है। यह बात मोटे तौर पर पार्टी संगठन के पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों और भाजपा शासित राज्यों के ज्यादातर मुख्यमंत्रियों के बारे में भी सही है। क्योंकि हर जगह चुनाव मोदी और शाह ही लड़ते दिखते हैं।आने वाले दिनों में भाजपा की इस राजनीति की निरंतरता बनी रहेगी। अब जो काम जेपी नड्डा करते थे वह काम नितिन नबीन करेंगे। गुणात्मक रूप से कुछ भी बदलने नहीं जा रहा है। प्रतीकात्मक रूप से कुछ संदेश जरूर जाएंगे। जैसे एक संदेश अगड़ी जाति के नेता को अध्यक्ष बनाने का है। पिछले 20 साल से भारतीय जनता पार्टी अगड़ा अध्यक्ष चुनती रही है। नितिन नबीन का चुना जाना उस नीति की भी निरंतरता है। नितिन नबीन के जरिए इसका संदेश पूरे देश में होगा। एक प्रतीकात्मक संदेश पश्चिम बंगाल में भी होगा, जहां ब्राह्मण और कायस्थ भद्रलोक पहले लेफ्ट का समर्थक था और अब ममताबनर्जी का समर्थक है।नितिन नबीन के जरिए दूसरा संदेश युवाओं का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अध्यक्ष चुने के बाद के भाषण में कहा कि नितिन नबीन मिलेनियल युवा हैं। उनका जन्म उस साल हुआ था, जिस साल भाजपा का गठन हुआ था। यानी भाजपा के साथ ही 1980 में उनका जन्म हुआ। हालांकि 45 साल का अध्यक्ष बनना भी भाजपा के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी जब पहली बार भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 44 साल थी। अमित शाह भी 49 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे और नितिन गडकरी जब अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 52 साल थीइस निरंतरता के बावजूद नितिन नबीन के जरिए भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं को यह बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष या किसी भी बड़े पद पर पहुंचने के लिए उम्र, अनुभव या पृष्ठभूमि बहुत अहम नहीं है।

# जन समस्याओं का हल सांत्वना का भ्रम

सालाना बजट आज महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है। बुनियादी आर्थिक समस्याओं के हल की बात उसके दायरे से बाहर हो चुकी है।कांग्रेस की राय में केंद्रीय बजट अर्थव्यवस्था की बुनियादी चुनौतियों से आंख मिलाने में नाकाम रहा। दरअसल, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने तो यहां तक कहा कि वित्त मंत्री ने उन चुनौतियों को सिरे से नजरअंदाज कर दिया। मसलन, अमेरिकी टैरिफ से कारखाना उत्पादकों और निर्यातकों के सामने आई चुनौतियों, व्यापार घाटे, निम्न ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन, एफडीआई की अनिश्चितता, राजकोषीय सेहत में सुधार की धीमी गति, महंगाई के सरकारी आंकड़ों एवं अनुभवजन्य स्थिति में फर्क, लाखों एमएसएमई इकाइयों के बंद होने, बेरोजगारी, और शहरी बुनियादी ढांचे में लगातार गिरावट पर निर्मला सीतारमन ने चुप्पी साध ली। ये आलोचना वाजिब है। यह हकीकत है कि आज सालाना बजट महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है।मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था जब असल में मोनोपॉली पूंजीवाद का रूप ले चुकी हो, तो बिना उस ढांचे को चुनौती दिए सरकारें अक्सर ढांचागत समस्याओं का हल निकालने में अक्षम हो जाती हैं। नतीजतन, बजट के जरिए शायद ही बाजार में मांग और निजी निवेश की स्थितियां बनाई जा सकती हैं। बिना ऐसा हुए ना तो रोजगार सृजन संभव है, और ना ही मानव विकास या रहन-सहन की बेहतर सूरत बनाना। देसी बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं नहीं होगी, तो भारतीय उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में टिकने की बात महज एक खामख्याली ही है। बाकी जहां तक व्यापार घाटा, पर्याप्त मात्रा में एफडीआई ना आना या पोर्टफोलियो इन्वेस्टरों के भारत से पैसा निकालने, या रुपये की कीमत मे गिरावट की बात है, तो वे जारी हालात के नतीजे हैं। यथार्थ तो यह है कि लगातार अपनी ताकत कॉरपोरेट सेक्टर को ट्रांसफर करती गई सरकार की अब ऐसे मसलों का हल ढूंढने की काबिलियत अब काफी हद तक क्षीण हो चुकी है। इस हाल में आबादी के कुछ समूहों को नकदी हस्तांतरण कर चुनावी लाभ की योजनाएं शुरू करने से आगे कुछ करने को वह सोच नहीं पाती। उन योजनाओं के जरिए जन समस्याओं का हल करने की सांत्वना का भ्रम वह पैदा करती है। इस बार भी वह इतना ही कर पाई।

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

## यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन, शंख-घंटी बजाकर जताया रोष

हरिद्वार संवाददाता. परशुराम घाट पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के नेतृत्व में सवर्ण समाज के लोगों ने शंख और घंटी बजाकर यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित बैठक में कानून को वापस लेने की मांग उठाते हुए आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी की शाम को स्थानीय बैंकट हॉल से ऋषिकुल मैदान तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वहीं, 22 फरवरी से विधायक और सांसदों का घेराव किया जाएगा। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष अधीर कौशिक ने कहा कि यूजीसी जैसा कानून घातक है। इससे समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व पार्षद कमलप्रीत शर्मा ने कहा कि विरोध के बावजूद सरकार कदम नहीं उठा रही है। कथावाचक पवन कृष्ण शास्त्री ने कानून को वापस लेने की मांग करते हुए लोगों से एकजुट होकर विरोध में शामिल होने और आठ मार्च को दिल्ली में प्रस्तावित महा आंदोलन में भागीदारी की अपील की। प्रदर्शन में अभिषेक भारद्वाज, पं. बालकृष्ण शास्त्री, कुलदीप कृष्ण चौहान, विनोद मिश्रा, संजय कृष्ण शास्त्री, अभिषेक नौटियाल, आदित्य जगूड़ी, सचिन पैन्यूली, कुलदीप शर्मा, वेंकटेश प्रसाद, बृजमोहन, रविकांत शर्मा, यशपाल शर्मा, संदीप मेहता, मुकेश जैन, चमन गिरी, संजू अग्रवाल और ऋषि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ऋषिकुल कश्यप घाट के पास पार्क में झूले से लटका मिला शव

हरिद्वार संवाददाता. शहर के ऋषिकुल कश्यप घाट के सामने स्थित पार्क में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव झूले से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह गीता पत्नी स्व. सुशील निवासी ऋषिकुल कश्यप घाट ने पुलिस को सूचना दी कि पार्क में एक व्यक्ति का शव झूले से लटका हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। तलाशी लेने पर मृतक के पास पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। मृतक की जेब से 10 फरवरी का दिल्ली से हरिद्वार आने वाली रोडवेज बस का टिकट बरामद हुआ है। मृतक की आयु लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है।

### राजभवन घेराव की तैयारी तेज, मायापुर भवन में कांग्रेस की बैठक

हरिद्वार संवाददाता. प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 16 फरवरी को राजभवन घेराव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने देवपुरा स्थित मायापुर भवन में बैठक की। इसमें नेताओं ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भर्ती घोटालों और महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के आरोप लगाते हुए राजभवन घेराव में भागीदारी करने का आह्वान किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा राजभवन घेराव में कांग्रेसजन अहंकारी और दिशाहीन सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। पूर्व विधायक रामयश सिंह और पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग संतोष चौहान ने कहा कि 16 फरवरी का कार्यक्रम यह तय कर देगा कि प्रदेश से महिला, युवा और रोजगार विरोधी सरकार की विदाई तय है। राजबीर सिंह, महेश प्रताप राणा, ओपी चौहान, इरफान अंसारी, राजीव भार्गव और कैलाश भट्ट ने कहा कि राजभवन घेराव ऐतिहासिक होगा। जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस अंजू मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष अंजू द्विवेदी ने घेराव में महिलाओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की।

## सजनपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को मिला विशेषज्ञ परामर्श

हरिद्वार संवाददाता. डिवाइन हॉस्पिटल एवं हॉलिस्टिक हेल्थ विलेज द्वारा गुरुवार को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। गुरुवार को सजनपुर पंचायत घर में आयोजित शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य परीक्षण किए। चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, समय-समय पर जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### एलएम पांडेय ने संभाला संस्कृत संस्थानम् का अतिरिक्त वित्तीय प्रभार

हरिद्वार संवाददाता. जिला कोषाधिकारी ललित मोहन पांडेय ने उत्तराखंड संस्कृत संस्थानम् के वित्ताधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व यह दायित्व सतेंद्र प्रसाद डबराल के पास था। अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद संस्कृत संस्थानम् के सचिव प्रो. मनोज किशोर पंत ने पांडेय का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्थान के शोध अधिकारी डॉ. हरीश चंद्र गुरुरानी, प्रशासनिक अधिकारी किशोरी लाल रतूडी, लीला रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक

देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक में विभिन्न विभागों के योजना प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागीय उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों के साथ ही अन्य संबंधित प्रस्तावों के क्रियान्वयन की समय सीमा निर्धारित करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्ति किया जाये। मुख्य सचिव ने जनपद चम्पावत के अन्तर्गत रोडवेज स्टेशन चम्पावत में आधुनिक सुसज्जित स्टोरी पार्किंग व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण लागत रू 64.



94 करोड़ के प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान करते हुए इसका नाम सिटी सेंटर चम्पावत रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होने इसमें यात्रियों एवं स्थानीय जनता को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने, स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था तथा पार्किंग स्थल पर रोडवेज की बसों के साथ ही टैक्सी पार्किंग की भी व्यवस्था करने को कहा ताकि इससे आम जनता को और अधिक सुविधा हो सके। मुख्य सचिव ने जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत टिहरी मुख्यालय के माल रोड़ में फसाड कार्य रेलिंग्स, पाथ, स्ट्रीट लाइट, शौचालय निर्माण किये जाने आदि के प्रस्तावित कार्यों हेतु 11.25 करोड कि संस्तुति प्रदान करते हुए कहा कि टिहरी नगर में फसाड़ कार्य, रेलिंग्स, पाथ, स्ट्रीट लाईट एवं शौचालय का निर्माण से आम जनमानस/पर्यटकों को सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इसके अतिरिक्त व्यय वित्त समिति की बैठक में मुख्य सचिव द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में राज्य के राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं को निःशुल्क नोटबुक उपलब्ध कराये जाने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु 52.84 करोड़, जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में किमतोली से रौशाल मोटर मार्ग में हॉट मिक्स का कार्य हेतु 12.15 करोड, जनपद ऊधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अन्तर्गत एन०एच०109 में पं० राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कॉलेज से अटरिया माता मन्दिर मोड, सिडकुल एवं आनंदपुर होते हुए एस0एच044 तक मार्ग के कि०मी०. 5.000 से 12.255 तक पुनः निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को 23.12 करोड़ जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र क्षेत्र किच्छा के शिमला पिस्तौर कुरैया मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को 20.17 करोड़ की संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव द्वारा कुम्भ मेला-2027 की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत खड़खड़ी शमशान घाट जाने वाले मार्ग पर सूखी नदी पर स्थित कॉजवे के स्थान पर डबल लेन सेतु का निर्माण हेतु शहरी विकास विभाग को 13.22 करोड, कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार में मायापुर स्क्रैप चौनल पर दक्षद्वीप एवं बैरागी कैम्प को जोडने वाले पूर्व निर्मित सेतु के डाउनस्ट्रीम में 60 मी० स्पान स्टील गर्डर डबल लेन सेतु के निर्माण हेतु शहरी विकास विभाग को 12.46 करोड की भी संस्तुति प्रदान की गई।

## भासंज्ञाप प्रावीण्य सूची के 105 मेधावी विद्यार्थियों का शांतिकुंज में सम्मान

हरिद्वार संवाददाता. गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा (भासंज्ञाप) की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार, भगवानपुर, रुड़की और लक्सर तहसील के 105 मेधावी विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक संस्थानों और प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या और शैल दीदी ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में शांति कुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि ने कहा कि संस्कारों के संरक्षण से ही संस्कृति सुरक्षित रह सकती है। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का समावेश आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए गायत्री महामंत्र जप, ध्यान और लेखन जैसे उपाय अपनाने का आग्रह किया। वक्ताओं ने बौद्धिक उन्नति के साथ चारित्रिक उत्थान को आवश्यक बताया। भासंज्ञाप विभाग समन्वयक ने बताया कि जनपद के 100 से अधिक विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षा आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त 29 प्रधानाचार्यों को शिक्षा क्षेत्र में समर्पण और प्रभावी नेतृत्व के लिए विशिष्ट सम्मान से अलंकृत किया गया।

## सड़क और पुलिया का किया लोकार्पण

हरिद्वार संवाददाता. नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अंतर्गत सुभाषनगर वार्ड 9 में बैरियर से मेन मार्केट तक मुख्य सड़क, आंतरिक सड़क, बी-3 क्षेत्र में सड़क तथा पुलिया निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष राजीव शर्मा ने गुरुवार को लोकार्पण किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका परिषद शिवालिक नगर का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना ही नहीं बल्कि लोगों मको सुरक्षित, सुगम एवं बेहतर जीवन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सुभाषनगर वार्ड में लंबे समय से सड़क एवं जल निकासी से संबंधित समस्याएं सामने आ रही थीं।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

हरिद्वार संवाददाता. ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल, पर्स और कीमती सामान चोरी करने वाले तीन शातिरों को जीआरपी हरिद्वार ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी हुआ एप्पल मोबाइल और ईयरबड्स बरामद किए। पकड़े गए आरोपी चोरी के बाद मोबाइल का लॉक तोड़कर नया पिन बनाते और एटीएम व यूपीआई के जरिए पैसे निकालकर मोबाइल राह चलते लोगों को बेच देते थे। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर विपिन पाठक ने बताया कि 25 जनवरी 2026 को गुजरात निवासी पीयूष चंद्रकांत मोदी परिवार के साथ जम्मू से ऋषिकेश जा रहे थे। हेमकुंड एक्सप्रेस के कोच एस-9 से हरिद्वार स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद उनकी पत्नी का पर्स चोरी हो गया। पर्स में दो मोबाइल फोन, एयरपॉड, करीब 20 हजार रुपये नकद, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, डीएल और आरसी रखे थे। इस मामले में जीआरपी देहरादून में जीरो एफआईआर दर्ज होने के बाद मुकदमा जीआरपी हरिद्वार स्थानांतरित किया गया। जांच के दौरान सामने आया कि चोरी हुए मोबाइल से देहरादून के राजपुर रोड स्थित एटीएम से दो बार में रुपये निकाले गए। एटीएम फुटेज खंगालने पर दो संदिग्धों की पहचान पूर्व में जेल जा चुके अंश शर्मा और बलदेव सिंह रावत के रूप में हुई। इसके बाद जीआरपी टीम ने दोनों को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने तीसरे साथी दीपक सेमवाल बताया। वह मोबाइल का लॉक तोड़कर नया यूपीआई पिन तैयार करता था। उसकी निशानदेही पर चोरी हुआ एप्पल फोन और ईयरबड्स बरामद कर लिए गए।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# हल्द्वानी प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का राजभवन घेराव 16 फरवरी को कुमाऊँ से हजारों कांग्रेसजन करेंगे देहरादून कूच




हल्द्वानी संवाददाता. आज कांग्रेस भवन, स्वराज आश्रम हल्द्वानी में आगामी 16 फरवरी को देहरादून में प्रस्तावित "राजभवन घेराव" के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित इस आंदोलन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। संगठनात्मक तैयारियों, कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी, परिवहन व्यवस्था, अनुशासन एवं स्थल प्रबंधन सहित प्रत्येक बिंदु पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक श्री प्रीतम सिंह (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष), जिन्हें इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया है, ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की जनता के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनभावनाओं को लेकर पूरी ताकत के साथ राजभवन घेराव करेगी और प्रदेशभर से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में देहरादून पहुंचेंगे। नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य जी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और जनता महंगाई, बेरोजगारी तथा विकास के ठहराव से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी का राजभवन घेराव जनआक्रोश की सशक्त अभिव्यक्ति होगा।कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री करन माहरा ने कहा की कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज को उठाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में देहरादून पहुंचकर इस आंदोलन को ऐतिहासिक बनाएं।हल्द्वानी विधायक श्री सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में साथियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं तथा सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया है।हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट एवं नैनिताल जिलाध्यक्ष श्री राहुल छिमवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया।इस अवसर पर उपनेता सदन व खटीमा विधायक श्री भुवन कापड़ी, विधायक किच्छा श्री तिलकराज बेहड़, विधायक नानकमत्ता श्री गोपाल सिंह राणा, पूर्व सांसद श्री महेंद्र सिंह पाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक श्री प्रेमानंद महाजन, पूर्व विधायक श्री हेमेश खर्कवाल, पूर्व विधायक श्री ललित फर्स्वाण, श्री खजान चंद्र गुड्डू, श्री बालकिशन, सरदार नवतेज पाल, कुमाऊँ मंडल के जिला/महानगर अध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारीगण सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि 16 फरवरी का यह आंदोलन जनता की आवाज को बुलंद करेगा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगा।

## अर्जुन हत्याकांड में पुलिस के हाथ लगी सफलता

देहरादून संवाददाता. देहरादून में हुए अर्जुन शर्मा हत्याकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। डोईवाला कोतवाली की लाल तप्पड़ चौकी क्षेत्र में पुलिस और एक बदमाश की मुठभेड़ हुई, जिसमें पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश को पैर में गोली मार कर घायल कर दिया गया। घायल बदमाश को कोरोनेशन अस्पताल भर्ती कराया गया। मुठभेड़ की यह घटना गुरुवार सुबह करीब 4 बजे की है। हत्याकांड में एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बदमाशों की धरपकड़ के लिए लगातार नाकेबंदी व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। डोईवाला कोतवाली की लालतप्पड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में बैरियर चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार संदिग्ध को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। आरोपी बैरियर से पहले ही रुक गया, लेकिन पुलिस को पास आता देख उसने पुलिसकर्मियों पर फायर झोंक दिया। स्कूटी घुमाकर फरार होने लगा। पुलिस ने करीब 100 मीटर तक पीछा कर जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी स्कूटी छोड़कर हाईवे किनारे एक खंडर फैक्ट्री में घुस गया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मंत्री गणेश जोशी ने की REAP-ग्रामोत्थान की ग्राम्य विकास समीक्षा

देहरादून संवाददाता. ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने कैंप कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित रूरल एंटरप्राइज एक्सेलेरेशन प्रोजेक्ट ग्रामोत्थान की विभागीय समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने योजना के अंतर्गत आवंटित वित्तीय बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आवश्यक है। ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं को क्लस्टर लेवल फेडरेशन , किसान उत्पादक संगठन एवं स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन के लिए ठोस एवं परिणामोन्मुखी प्रयास किए जाएं। उन्होंने वे-साइट एमिनिटी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि स्थानीय उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिल सके और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हों।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के छः परिसर संस्थानों हेतु राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने संबंधी बैठक

देहरादून संवाददाता. मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के छः परिसर संस्थानों हेतु राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं से वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने संबंधी बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को राज्य में तकनीकी शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास करने के साथ संस्थानों में आवश्यक अवस्थाना सुविधाओं के विकास तथा फैकल्टी की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के परिसरों में छात्रों को आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध होने से इनमें संचालित विषयों में छात्रों की संख्या बढ़ेगी तथा जिन उद्देश्यों के लिए इन परिसरों की स्थापना की गई है उसका उद्देश्य भी पूरा हो सकेगा। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय से प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर, पिथौरागढ़, टनकपुर, बौन (उत्तरकाशी) डब्ल्यूआईटी. देहरादून में हॉस्टल निर्माण के साथ अन्य आवश्यक आवासीय भवनों के निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा, ताकि छात्रों के साथ प्रमुख फैकल्टी को आवासीय सुविधाएं भी उपलब्ध हो सके। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय को अपने आय के संसाधनों में वृद्धि के साथ अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर होने वाले व्यय का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने को कहा, ताकि उस पर शासन स्तर पर विचार कर नीतिगत निर्णय लिया जा सके। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक है कि इनमें हॉस्टल की सुविधा हो फैकल्टी की व्यवस्था हो तथा आवश्यक उकरण एवं अन्य संसाधन उपलब्ध हो। मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय के कुलपति से अपेक्षा की है कि विश्वविद्यालय परिसरों के कार्य-कलापों को बेहतर ढंग से संचालित किए जाने संबंधी विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इसमें अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर आने वाले व्यय भार को भी स्पष्ट किया जाए ताकि प्राप्त प्रस्तावों पर वित्त विभाग से परामर्श के साथ शासन स्तर पर विचार करते हुए कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

## शारदीय कांवड़ यात्रा में बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिद्वार संवाददाता. महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आते ही शारदीय कांवड़ यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। धर्मनगरी हरिद्वार में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों से कांवड़ में गंगाजल भरकर गंतव्य की ओर रवाना हो रहे हैं। महाशिवरात्रि तक लाखों शिवभक्तों के हरिद्वार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इससे मेला क्षेत्र में रौनक और आस्था का माहौल गहराता जा रहा है। अगले तीन दिन हरिद्वार में डाक कांवड़ियों की भीड़ रहेगी।। कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। मेला क्षेत्र को जोन और सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है, वहीं यातायात संचालन के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। हरकी पैड़ी, प्रमुख घाटों और बाजारों में चौकसी बढ़ाई गई है तथा भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। शहर में चारों ओर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। शारदीय कांवड़ यात्रा में इस बार भी पैदल कांवड़ियों की संख्या अधिक देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ सहित विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंच रहे हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र से भी श्रद्धालु गंगाजल लेने आ रहे हैं। कांवड़िये कई दिनों तक पैदल यात्रा कर महाशिवरात्रि के अवसर पर अपने क्षेत्र के शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

## रकम निकालकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला से ठगी

हरिद्वार संवाददाता. मध्य हरिद्वार में बैंक से रकम निकालकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर बदमाश 50 हजार रुपये नकद और कानों के कुंडल लेकर फरार हो गए। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस वारदात से हड़कंप मच गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। राजीव नगर कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय आनंदी गुरुवार दोपहर पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 50 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थीं। वह गोविंदपुरी के सामने मुख्य मार्ग पर स्थित शोरूम के पास पहुंचीं। वहां जूस का ठेले पर अक्सर भीड़ रहती है। तभी दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचे। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को बातों में उलझाकर बैंक से निकाली गई पूरी रकम ले ली। आरोपियों ने उनके कानों से कुंडल भी उतरवा लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। कुछ समय बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही ज्वालापुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पिटकुल की समीक्षा बैठक, परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत मंथन



देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत वर्षों में पूर्ण की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की उपलब्धियों, एडीबी पोषित एवं नॉन-एडीबी पोषित गतिमान परियोजनाओं, मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास की गई परियोजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणा से संबंधित कार्यों तथा आरईसी/पीएफसी पोषित योजनाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही वर्ष 2025-26 में अतिरिक्त अंश पूंजी (राज्य सेक्टर एवं ैब्), प्रस्तावित परियोजनाओं हेतु वर्षवार अंश पूंजी की आवश्यकता, पिटकुल के रिसोर्स एडीक्वेसी प्लान/मास्टर प्लान, आपदा मद में क्षतिपूर्ति हेतु धनराशि एवं मानव शक्ति की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश: समयबद्धता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोरमुख्यमंत्री ने विद्युत वितरण लॉस को न्यूनतम करने, विद्युत चोरी पर सख्ती से रोक लगाने तथा वितरण लॉस में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

आगामी ग्रीष्मकालीन सीजन को देखते हुए यूजेवीएनएल, पिटकुल एवं यूपीसीएल को अभी से समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने, सभी औपचारिकताओं को मार्च तक पूर्ण कर अप्रैल तक परियोजनाओं के शुभारंभ हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।सीएसआर मद में प्राप्त धनराशि के लिए पृथक खाता खोलकर उसका अधिकतम एवं बहु-रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया।

विभिन्न जनपदों में एडीबी पोषित उपकेंद्रों से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।एडीबी पोषित द्वितीय चरण के अंतर्गत बहादराबाद (हरिद्वार), कोटद्वार (पौड़ी), भिकियासैंण (अल्मोड़ा), कपकोट (बागेश्वर) एवं नंदप्रयाग (चमोली) में भूमि आवंटन एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण करने हेतु संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया।मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत शिलान्यास की गई सभी परियोजनाओं को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने हेतु निरंतर निगरानी एवं प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

पिटकुल की उल्लेखनीय उपलब्धियां और वित्तीय सुदृढ़तापिटकुल के प्रबंध निदेशक पी सी. ध्यानी ने विगत चार वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि आरईसी द्वारा पिटकुल की क्रेडिट रेटिंग को किए जाने से परियोजना क्रियान्वयन हेतु प्राप्त ऋणों पर 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को कम टैरिफ के रूप में प्राप्त होगा। उन्होंने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पावर लाइन पत्रिका द्वारा पिटकुल को "पावर लाइन ट्रांस टेक इंडिया अवार्ड-2025" से सम्मानित किया गया है, जो ऊर्जा क्षेत्र के पारेषण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में न्यूनतम लाइन लॉस के लिए प्रदान किया गया।

### गोविंदगढ़ में कार खड़ी करने को लेकर पड़ोसियों में संघर्ष

देहरादून संवाददाता. बसंत विहार थाना क्षेत्र के गोविंदगढ़ में पुरानी रंजिश और कार पार्किंग को लेकर दो पड़ोसी परिवारों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। इस खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर बुध वार को क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ बसंत विहार अशोक राठौर ने बताया कि एक पक्ष से सुखमीत सिंह ने आरोप लगाया है कि जब वह जिम जा रहे थे, तब जगीर सिंह, टिंकू, रिंकू और अवतार सिंह ने उसे रोककर गाली-गलौज की और हमला कर दिया।

## कानून व्यवस्था ध्वस्त, पेपर लीक और महंगाई से त्रस्त है जनता : हरक

देहरादून संवाददाता. 6 फरवरी को होने वाली कांग्रेस की उत्तराखंड बचाओ भाजपा भगाओ रैली और राजभवन घेराव की तैयारियां तेज हो गई है। गुरुवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के इंद्रानगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि राज्य में न महिलाएं सुरक्षित हैं, न किसान खुशहाल हैं और नौजवान बेरोजगारी से हताश है। डॉ. रावत ने अंकिता भंडारी केस में सरकार की मंशा पर सवाल उठाया और कहा कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर सरकार का रवैया संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक और नकल माफिया ने युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कि कैंट क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता रैली में परेड ग्राउंड पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि जनता नौ साल में भ्रष्टाचार और महंगाई से अजीज आ चुकी है। वहीं, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने दून में 14 दिन में हुई चार हत्याओं का हवाला देकर कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताया। इस दौरान सुमित्रा ध्यानी, दिनेश कौशल, अभिनव थापर, अनिल बस्नेत, पिया थापा, संगीता गुप्ता, कोमल वोहरा, अभिषेक तिवारी, राजेश पुंडीर, जगदीश धीमान, सौरभ शर्मा, अनिता दास, अमृता कौशल, राजीव चौधरी, राम कुमार थपलियाल, ट्विंकल अरोरा, विपुल नौटियाल, प्रताप असवाल, सुमित अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार...

### विमोचन : हर्षल फाउंडेशन के कैलेंडर में संजोए गए सेवा कार्य

देहरादून संवाददाता. हर्षल फाउंडेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन संस्था के मुख्य संरक्षक जस्टिस राजेश टंडन, संरक्षक ब्रिगेडियर केजी बहल और मेजर जनरल शम्मी सब्बरवाल ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि कैलेंडर में संस्था की गतिविधियों का बेहतरीन समावेश किया गया है। सचिव हिमांशु परिहार ने कैलेंडर के माध्यम से संस्था द्वारा किए गए विभिन्न सेवा कार्यों को बेहद आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया है। ट्रस्टी सेक्रेटरी डॉ. रमा गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष इंद्रेश गोयल, कल्पना अग्रवाल, निधि गर्ग, सुनील अग्रवाल, विनोद सिंघल, विजय कथूरिया, राम गोपाल, श्याम सुंदर गोयल, श्रीकांत श्री, डॉ. शैलेंद्र कौशिक, महिमा श्री, मुकेश गोयल, अनिल गुप्ता, राजीव सच्चर, जनक बत्रा, पंकज जोशी, अर्चना सिंघल, कर्नल मनमोहन रायजादा, रश्मि रायजादा, प्रदीप गर्ग और शशि टंडन आदि मौजूद रहे।

### जैन धर्मशाला में मेदांता के डॉक्टरों ने जांची सेहत

देहरादून संवाददाता. श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर और मेदांता गुरुग्राम की ओर से गुरुवार को गांधी रोड स्थित जैन ध र्मशाला में चल रहे स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन 60 लोगों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत णमोकार मंत्र के साथ हुई। मीडिया कोऑर्डिनेटर मधु जैन ने बताया कि शिविर में मेदांता के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एसके तनेजा और फिजीशियन डॉ. मयंक सिंह ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर, ईसीजी, पीएफटी और बीएमडी जैसी जांचें निशुल्क की गई। प्रधान सुनील जैन ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी पूंजी है।

## तारा बाबा महाराज की यात्रा का संतों ने किया स्वागत

हरिद्वार संवाददाता. सिरसा हरियाणा के पूर्व विधायक गोपाल कांडा के संयोजन में सिरसा से हरिद्वार पहुंची तारा बाबा महाराज की यात्रा का श्रवणनाथ नगर स्थित तारकेश्वर धाम में संतों ने स्वागत किया। गौ गंगा धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मदन कौशिक और अनेक संत-महात्मा मौजूद रहे। इस दौरान गोपाल कांडा ने तारा बाबा घाट पर गंगा पूजन और आरती कर संतों का आशीर्वाद लिया। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि मानव कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले तारा बाबा महाराज सिद्ध महापुरुष थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को गुरुजनों का सम्मान करते हुए उनकी शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। धार्मिक यात्राएं और अनुष्ठान समाज में शांति, सद्भाव और प्रगति का वातावरण बनाते हैं। पूर्व विधायक गोपाल कांडा ने कहा कि संत महापुरुष उनके लिए पूज्यनीय हैं। संतों के सानिध्य में जीवन का कल्याण संभव है। तारा बाबा महाराज ने लोक कल्याण का संदेश दिया। उनकी शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि गुरु परमात्मा का स्वरूप है। त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति तारा बाबा महाराज की शिक्षाएं समाज के लिए धरोहर हैं। इनका अनुसरण कर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। स्वामी निर्मल दास महाराज ने कहा कि सिद्ध साधक तारा बाबा महाराज सभी के लिए पूज्यनीय हैं। उनके स्मरण मात्र से कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत हनुमान दास, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी श्रवण मुनि, गोपाल मुनि, स्वामी राम गिरी, पूर्व राज्यमंत्री सुशील चौहान, पार्षद दीपक शर्मा, राजकुमार आदि श्रद्धालु और संतजन उपस्थित रहे।

## गोरखा हिमालयन फेस्टिवल में जुटेंगे देशभर के कलाकार

देहरादून संवाददाता. गढ़ी कैंट स्थित महेंद्र ग्राउंड में 20, 21 और 22 फरवरी को होने वाले तीन दिवसीय गोरखा हिमालयन फेस्टिवलश में देशभर के कलाकार जुटेंगे। शहीद दुर्गा मल्ल मेमोरियल ट्रस्ट के साथ गोर्खाली सुधार सभा इसमें विशेष सहयोग कर रही है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट की अध्यक्ष कमला थापा ने बताया कि इस फेस्टिवल में हिमालय क्षेत्र की संस्कृति, खानपान और विविधता देखने को मिलेगी। 20 फरवरी को कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे साइक्लोथॉन मिनी रैलीश के फ्लैग ऑफ से होगी। शाम को श्पंचे बाजाश और श्नौबती बाजाश से प्रदर्शनी और मेले का उद्घाटन होगा। जम्मू का एम. जैक्सन सांस्कृतिक संस्थान, दार्जिलिंग की मशहूर सिंगर सुरक्षा सिंचुरी, सिलीगुड़ी के गायन, विक्रम कालिकोटे और विशाल ग्रुप का पारंपरिक श्लाखे-कुमारीश डांस दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगा। ट्रस्ट की सचिव प्रभा शाह ने बताया कि दीप्ती व देविन शाही के कार्यक्रमों के साथ श्मधुमक्खी पालनश और फल संरक्षणश पर कार्यशाला होगी। शाम को कोसेली सांगीतिक ग्रुप और कुमाऊंनी झोड़ा और युवाओं के लिए रैपर्स बैटल का आयोजन होगा।

# उत्तराखंड क्रांति दल आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगा-पुष्पेश त्रिपाठी



रामनगर संवाददाता. उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष पुष्पेश त्रिपाठी ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगा और सभी विधनसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे, यदि राज्य के अन्य जनपक्षीय संगठन साथ में आते हैं तो दल चर्चा को तैयार है। इस वक्त दल के प्रति लोगों का रुझान बहुत अच्छा है।रामनगर में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक व उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता पुष्पेश त्रिपाठी ने कहा कि राज्य गठन के 25 साल बाद भी उत्तराखंड कि दशा एवम दिशा नहीं बदल पाई है, सोच के उलट काम हुए हैं,क्षेत्रीय दल उत्तराखंड क्रांति दल को राज्य के लोगों का साथ अभी तक नहीं मिल पाया है। इससे राज्य की स्थिति भयानक दिशा की ओर जा रही है। पूरा राज्य माफियाओं की चपेट में आ गया है, राष्ट्रीय दलों ने राज्य में जमीनों के दलाल पैदा कर दिए गए हैं, जमीन की लूट खसोट जारी है।उन्होंने कहा कि दल के कमजोर होने से जनता का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर गिरता जा रहा है,शिक्षा की हालत बहुत खराब है। पहाड़ों के अस्पताल चिकित्सक एवं स्टाफ के अभाव में बंदी की ओर है। रोजगार के अभाव में बेरोजगार परेशान है, दूसरे राज्यों को पलायन कर रहे हैं, राज्य बनने के बाद पहाड़ों में पलायन बड़ा है। खेती चौपट हो रही है जो की बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने भाजपा एवं कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि होर्डिंग एवं पोस्टर के जरिए लोगों को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। धरातल पर भयानक स्थिति बनती जा रही है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि रोज-रोज नए-नए नियम बनाकर जनता को बेहाल कर दिया है, भाजपा का काम लोगों को केवल लाइन पर लगाने का रहा है।जनता की आवाज उठाने वालों पर खुलेआम दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है, यह सोचने का विषय है कि ऐसा क्यों हो रहा है।उत्तराखंड में माफिया जड़ जमा चुका है, उन्होंने सवाल किया कि रामनगर से सल्ट तक रिसोर्ट की बाढ़ आ गई है। इसमें उत्तराखंड के कितने लोग हैं, उल्टा इन स्थानों पर जमीन बेचकर उत्तराखंड के लोग पलायन कर रहे हैं। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य निर्माण की लड़ाई में रामनगर में बढ़ चढ़कर भाग लिया, लेकिन रामनगर के लोगों ने उत्तराखंड क्रांति दल को कभी अपना आशीर्वाद नहीं दिया, यदि रामनगर के लोगों ने साथ दिया होता तो आज उत्तराखंड में स्थिति दूसरी होती। राज्य के खेत खलिहान की स्थिति कमजोर होती जा रही है, जंगली जानवरों से खेतीबाड़ी चौपट हो रही है, अब तो हालात यहां तक हो गए हैं कि राज्य में बाघों का आतंक बढ़ा हुआ है, सरकार नागरिकों, ग्रामीणों की सुरक्षा नहीं कर केवल लोगों की जान की कीमत लगा रही है। राज्य के कई विभागों में पदों को डेड घोषित कर दिया गया है, सरकार को पहाड़ों में चिकित्सालय चलाना भारी पड़ रहा है, स्कूल बंद हो रहे हैं, सरकारी नौकरी तो दूर, लोग अब प्राइवेट नौकरियां से भी हाथ धो रहे हैं, राज्य में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, खुलेआम हत्याएं हो रही हैं, खुलेआम दमन एवं उत्पीड़न किया जा रहा है, जन विरोधी नीतियां थोपी जा रही है, ऐसे उत्तराखंड की राज्य की कल्पना किसी ने भी नहीं की थी। हिंदू ,मुस्लिम, अगड़ा, पिछड़ा कर लोगों को बांटा जा रहा है।

## आम हड़ताल में भोजनमाताओं ने की बढ़कर भागीदारी: 4 लेबर कोड रद्द करने की मांग

रामनगर संवाददाता. केंद्रीय ट्रेड यूनियन फेडरेशनों द्वारा 4 लेबर कोड के विरुद्ध आहूत देशव्यापी आम हड़ताल में प्रगतिशील भोजनमाता संगठन के नेतृत्व में रामनगर क्षेत्र की भोजनमाताओं ने कार्य बहिष्कार कर भागीदारी की। इस दौरान अपनी सभा कर और शहर में जुलूस निकालकर उन्होंने इन 4 लेबर



कोड्स को तत्काल रद्द करने की मांग की।देवभूमि व्यापार मंडल कार्यालय में आयोजित भोजनमाताओं की सभा को सम्बोधित करते हुये प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि ये 4 लेबर कोड मजदूरों की गुलामी के दस्तावेज हैं। इनमें मजदूरों के ट्रेड यूनियन अधिकारों और हड़ताल के संवैधानिक अधिकार पर भारी हमले बोले गये हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड सरकार मात्र 3000 रु महीना पर भोजनमाताओं से बेगारी करा रही है, और उन्हें ये मानदेय भी साल में 11 महीने ही मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने भोजनमाताओं का मानदेय नहीं बढ़ाया तो प्रदेश की भोजन माताएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगी।

## पांच करोड़ से अधिक बकाया पर भू-संपत्ति नीलाम होगी

अल्मोड़ा संवाददाता. आबकारी देय की बड़ी राशि लंबित रहने पर प्रशासन ने एक बकायेदार की भूमि नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी जैंती/भनोली सौम्या गर्ब्याल ने बताया कि ग्राम कुजेली, तहसील भनोली निवासी राधाकृष्ण पुत्र भैरव दत्त पर 5,43,49,753 रुपये की वसूली बकाया है। निर्धारित समय में राशि जमा न करने पर राजस्व प्रावधानों के तहत उनकी भूमि कुर्क की जा चुकी है। प्रशासन के अनुसार उत्तर प्रदेश जमींदारी एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 की धारा 284 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संबंधित खातों की कुल 0.179 हेक्टेयर भूमि 18 अक्टूबर 2025 को कुर्क की गई थी। अभिलेखों के परीक्षण के बाद इसमें से खाता संख्या 56 की खसरा संख्या 1588 की 0.001 हेक्टेयर भूमि को अलग रखते हुए शेष 0.178 हेक्टेयर भूमि नीलामी योग्य घोषित की गई है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उक्त संपत्ति की नीलामी 24 फरवरी 2026 को ग्राम कुजेली में आयोजित की जाएगी।

## हत्या की घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक



हल्द्वानी संवाददाता. /भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने मोर्चरी पहुंचकर आज हल्द्वानी गल्ला मंडी में भीमताल विधानसभा के ओखलकांडा के तल्ली पोखरी निवासी कु. लक्ष्मी पुत्री हेम चंद्र के परिजनों से मुलाकात की!कहा दोनों निर्मम हत्या की घटना अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है!विधायक ने इस दुख की घड़ी में मै पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की!परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति दें!विधायक कैड़ा ने मौके से ैच नैनीताल से वार्ता कर मृतक का पोस्टमार्टम पैनल से करने व इस मामले का शीघ्र, निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने को कहा है!

## मगरमच्छ को देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप

हल्द्वानी संवाददाता. / लालकुआँ के बिन्दुखत्ता स्थित पटेल नगर क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सेंचुरी पेपर मिल से निकलने वाले नाले से एक विशालकाय मगरमच्छ निकलकर आबादी क्षेत्र में पहुंच गया। मगरमच्छ को देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और लोग घरों से बाहर निकल आए।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेंचुरी पेपर मिल



से निकलने वाले दूषित नाले में मगरमच्छ पल रहे हैं, जो कभी भी आबादी क्षेत्र में आ सकते हैं और इससे बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि पहले भी इस नाले में मगरमच्छ देखे जा चुके हैं, लेकिन अब पहली बार इतना बड़ा मगरमच्छ आबादी क्षेत्र के करीब पहुंचा है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ा नहीं गया और नाले की निगरानी नहीं की गई, तो किसी भी समय जनहानि हो सकती है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की जाए और मगरमच्छों को सुरक्षित स्थान पर रेस्क्यू कर आबादी क्षेत्र से दूर किया जाए.

## रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन रामनगर की ओर से एक पत्र कोतवाल को भेजा

रामनगर।रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन चन्द्र पांडे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा ध्वनि प्रदूषण पर जारी की गई गाइडलाइन्स के मद्देनजर रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन रामनगर की ओर से एक पत्र कोतवाल को भेजा गया है।उन्होंने कहा कि कार्बेट नेशनल पार्क जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास ध्वनि प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ रही है।हाल ही में वहां के रिसॉर्ट्स द्वारा ध्वनि स्तर पर डीजे बजाए जाने के कारण वातावरण और जीव-जंतुओं को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।पार्क का प्राकृतिक वातावरण और वहाँ के वन्यजीवों की शांति को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जल्द से जल्द पार्क के आसपास के क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण से संबंधित गाइडलाइन्स का पालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही, ध्वनि प्रदूषण के नियमों का उल्लंघन करने वाले रिसॉर्ट्स के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके और स्थानीय निवासियों की शांति बनी रहे।

## हल्द्वानी बस अड्डा क्षेत्र में चोरी के खुलासे की मांग

रामनगर संवाददाता. भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के द्वारा नगर अध्यक्ष इन्दर पाल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचकर रामनगर हल्द्वानी मार्ग हल्द्वानी बस अड्डा क्षेत्र में चोरी के खुलासे की मांग को लेकर कोतवाल को संबोधित एक ज्ञापन कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद को दिया। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि बीते 07 फरवरी की रात को रामनगर हल्द्वानी मार्ग बस अड्डे पर कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा लोक तोड़ कर बसों के बैटर और दुकानों खोकों से सब्बल से ताले तोड़कर दुकानों में चोरी कर ली।दुकान स्वामियों द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर भी दी गई थी।अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।कोतवाल सुशील कुमार ने जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। उन्होंने क्षेत्र में कैमरे और लाइट लगवाने की भी बात कही है। इस दौरान राहुल,शुभम कुमार,अक्षय,दिवाकर,दीपक वाल्मीकि,विशाल वाल्मीकि, सार्थक,अंश, मोहित,आकाश उत्तम आदि मौजूद रहें।

# तू या मैं में विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा : पारुल गुलाटी



हिंदी सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म तू या मैं कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है। इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है।इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है। फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है।ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है। पारुल ने कहा, जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। तू या मैं ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया।यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है। इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं।वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है। पारुल ने कहा, जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढने में मदद करती है।

### जिंदगी न मिलेगी दोबारा 2 के साथ फिर मचेगा धमाल, सीक्वल पर आई ये जानकारी

साल 2011 में रिलीज फिल्म जिंदगी न मिलेगी दोबारा अपने सीक्वल को लेकर काफी समय से चर्चा में है। फिल्म निर्माता जोया अख्तर एक बार फिर अपनी पसंदीदा तिकड़ी ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल को पर्दे पर वापस लाने की तैयारी कर रही हैं। बताया जाता है कि उन्होंने बहुप्रतीक्षित सीक्वल का पहला ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। इस खबर ने फैंस की खुशी को सातवें आसमान पर पहुंचा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सीक्वल में ऋतिक, फरहान और अभय के किरदार 40 की उम्र में दिखाए जाएंगे। एक सूत्र ने बताया, जोया ने आखिरकार ऐसा ड्राफ्ट तय कर लिया है जिससे वह संतुष्ट हैं। उनका हमेशा से यही कहना था कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का सीक्वल तभी बनेगा जब उसमें कुछ नया कहने को होगा। यह पुरानी यादों को ताजा करने वाली फिल्म नहीं है; फिल्म बीते समय और तीनों पुरुषों की जिंदगी में आए बदलावों को दर्शाती है। जिंदगी न मिलेगी दोबारा 2 पर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि मूल कलाकारों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, तीनों कलाकारों को वापस लाने का इरादा है

## अर्जुन सरजा की फिल्म सीता पयानम का ट्रेलर जारी,14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

एक्शन किंग अर्जुन अपनी बैनर श्री राम फिल्म्स इंटरनेशनल के तहत बनी फिल्म सीता पयानम से डायरेक्टर की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म से उनकी बेटी ऐश्वर्या अर्जुन डेब्यू कर रही हैं, जिसमें निरंजन, सत्यराज, प्रकाश राज और कोवई सरला जैसे शानदार कलाकार भी हैं। अर्जुन खुद एक अहम कैमियो में नजर आएंगे, जबकि उनके भतीजे, एक्शन प्रिंस ध्रुव सरजा एक स्पेशल अपीयरेंस से एक्साइटमेंट बढ़ाएंगे। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और मेकर्स ने अभी-अभी इसका थिएट्रिकल ट्रेलर रिलीज किया है।

कहानी एक युवा शेफ के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उसके बहुत ज्यादा प्रोटेक्टिव पिता ने पाला है। एक लंबी ड्राइव के दौरान, वह अनिच्छा से एक अजनबी को लिफ्ट देती है - इस शर्त पर कि उसे आने वाली हर फोन कॉल लाउडस्पीकर पर होगी। जो सफर एक हल्की-फुल्की यात्रा के रूप में शुरू होता है, वह धीरे-धीरे एक गहरा मोड़ लेता है, जिससे एक अप्रत्याशित ट्विस्ट आता है।

अर्जुन का अनुभव उनकी राइटिंग और डायरेक्शन दोनों में साफ दिखता है। ताजा कहानी, साफ-सुथरी कहानी कहने का तरीका और उनका दमदार स्पेशल अपीयरेंस सबसे अलग हैं। निरंजन ने मेल लीड के तौर पर शानदार डेब्यू किया है, जबकि ऐश्वर्या अर्जुन आकर्षक दिखती हैं और एक आत्मविश्वासी, मैच्योर परफॉर्मेंस देती हैं।

सत्यराज प्रोटेक्टिव पिता के रूप में चमकते हैं, और प्रकाश राज इमोशनल गहराई लाते हैं - खासकर शादी के असली मतलब के बारे में एक मार्मिक सीन में। ध्रुव सरजा का एक्शन से भरपूर कैमियो एक्स्ट्रा पंच जोड़ता है।

जी बालमुरुगन की सिनेमैटोग्राफी शानदार विजुअल्स देती है, जबकि मेलोडी किंग अनूप रूबेंस अपने भावपूर्ण संगीत से माहौल को बेहतर बनाते हैं। साई माधव बुर्रा के डायलॉग्स असरदार हैं। अयूब खान ने एडिटिंग संभाली है, और किक ऐस काली ने डायनामिक स्टंट कोरियोग्राफी से एक्शन को और दमदार बनाया है। वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने में बस एक हफ्ता बचा है, और ट्रेलर ने सीता पयानम के लिए बहुत उम्मीदें जगा दी हैं।

### आकांक्षा चमोला ने अपने ग्लैमरस अवतार से इंटरनेट पर लगाई आग

बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों खूब लाइमलाइट बटोर रही हैं. बिग बॉस 19 में सिर्फ एक दिन के लिए आने के बाद से ही आकांक्षा ट्रोलिंग क्वीन बन गई हैं. पहले वह मां नहीं बनने के फैसले पर ट्रोल हुई थीं और फिर वह अपने नए प्रोजेक्ट की वजह से लोगों के निशाने पर आ गई. इन सबके बीच, आकांक्षा अपनी बिंदास लाइफ जी रही हैं. उन्होंने अपनी कुछ नई फोटोज से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है. एक-एक फोटो पर फैंस कमेंट कर रहे हैं.आकांक्षा चमोला ने अपनी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं. जिसमें वह रेड वाइन बनी हुई दिख रही हैं. इन फोटोज में आकांक्षा ने लाल रंग का गाउन पहना है, जो ऑफ शोल्डर है.आकांक्षा चमोला अपनी इस तस्वीर में खिलखिलाकर मुस्कुरा रही हैं. एक्ट्रेस की स्माइल इस फोटो में चार चांद लगाने का काम कर रही हैं और उनकी छोटी चोटी आंखें काफी क्यूट लग रही हैं. आकांक्षा चमोला ने अपने लुक को परफेक्ट रखा है. एक्ट्रेस ने रेड गाउन के साथ गोल्डन नेकपीस कैरी किया, जो काफी यूनिका दिखा और बालों को कर्ली करवाए. इस लुक में वह काफी क्यूट लगीं. आकांक्षा ने



मिनिमल मेकअप से अपने लुक को एलिगेंट बनाने के काम किया. आकांक्षा इन दिनों काफी ट्रोल हो रही हैं लेकिन उनकी इन फोटोज से साफ है कि एक्ट्रेस को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ रहा. वह अपनी जिंदगी से काफी खुश हैं और आराम से अपनी लाइफ को एन्जॉय कर रही हैं.आकांक्षा चमोला ने इन फोटोज पर खास कैप्शन लिखा है. उन्होंने इस फोटोज के साथ रेड रोज लगाए हैं. एक्ट्रेस ने बहुत ही प्यार के साथ अपने ट्रोलर्स को जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो गई.आकांक्षा चमोला की ये फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. इन फोटोज पर फैंस भर-भरकर प्यार लुटा रहे हैं. कई सारे फैंस ने हार्ट इमोजी भेजे हैं और कुछ फैंस फायर के इमोजी लगा रहे हैं. फैंस ने आकांक्षा को सबसे ज्यादा सुंदर बताया है.आकांक्षा चमोला विवादों में हैं. आकांक्षा ने नेशनल टीवी पर कहा था कि उन्हें बच्चों की जिम्मेदारी नहीं चाहिए क्योंकि वह नहीं मानती कि वह इस जिम्मेदारी को उठा सकती हैं. इस पर वह काफी ट्रोल हुईं. गौरव खन्ना कई बार अपनी पत्नी का बचाव कर चुके हैं, लेकिन आकांक्षा को ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता.

# 1203.40 लाख रुपये की लागत से सहसपुर में सड़क चौड़ीकरण के द्वितीय चरण का शिलान्यास

**- मीठी बेरी परवल चांदनी चौक एवं परवल विज्ञान धाम झाझरा मार्ग को मिलेगा नया स्वरूप**

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जनपद देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मीठीबेरी से परवल होते हुए चांदनी चौक तक तथा परवल से विज्ञान धाम झाझरा तक 1203.40 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के द्वितीय चरण (किलोमीटर 1 से 10) का शिलान्यास किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदृढ़ सड़क अवसंरचना प्रदेश के समग्र विकास का आधार है। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिकी सशक्त होगी।

सहसपुर क्षेत्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं पेयजल, नाला निर्माण, मोक्षधाम एवं पुस्ता निर्माण सहित कई कार्य स्वीकृतमुख्यमंत्री ने सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिनमें भाऊवाला में पेयजल आपूर्ति हेतु नलकूप निर्माण।नगर निगम क्षेत्र में जलभराव से निजात हेतु दरू चौक से केशववाला नदी तक नाला निर्माण।आर्केडिया बड़ोवाला पार्क के पास मोक्षधाम का निर्माण।आसनपुर से श्मशान घाट तक पुस्ता एवं मार्ग निर्माण।ठाकुरपुर अंतर्गत उमेदपुर व परवल में आसन नदी पर कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु पुस्ता निर्माणनगर निगम वार्ड संख्या 93 बड़ोवाला आवासीय क्षेत्र की सुरक्षा हेतु पुस्ता निर्माण।पौंधा में श्मशान घाट सड़क निर्माण तथा नाले से भूमि कटाव की रोकथाम हेतु पुस्ता निर्माण।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करते हुए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।समावेशी विकास में उत्तराखंड अग्रणी, मातृशक्ति सशक्तिकरण पर विशेष बलजनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रेटिंग्स उत्तराखंड को समावेशी विकास में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित कर रही हैं। उन्होंने मातृशक्ति को पहाड़ की अर्थव्यवस्था का केंद्र बताते हुए कहा कि 'लखपति दीदी' योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं सहायता



समूहों के जरिए ऐसे उत्पाद तैयार कर रही हैं जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था 26 गुना बढ़ी है, बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, विद्युत उत्पादन चार गुना बढ़ा है तथा रिवर्स माइग्रेशन में 44 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

देवभूमि की अस्मिता पर कोई समझौता नहीं जीरो टॉलरेंस की नीति जारी मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि देवभूमि उत्तराखंड की मूल पहचान, संस्कृति और जनसांख्यिकीय संतुलन से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून तथा अवैध अतिक्रमण और भू-माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा इस वित्तीय वर्ष में 10 से 12 हजार नियुक्तियों की तैयारी की जा रही है।मुख्यमंत्री ने स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर की क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और सक्रियता की सराहना की।इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। युवा, महिला और किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश की संस्कृति और मौलिक पहचान बनाए रखने के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं। पुष्कर धामी के नेतृत्व में अब तुष्टीकरण के लिए कोई स्थान नहीं है तथा सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर कार्य किया जा रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार...

### लैंड जिहाद के विरोध में बजरंग दल ने डीएम को दिया ज्ञापन

देहरादून संवाददाता. हिंदु परिषद ने लैंड जिहाद के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए गुरूवार को डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल का कहना है कि मौलाना मोहम्मद मदनी एवं अन्य जेहादी मानसिकता के लोगों की ओर से देवभूमि उत्तराखंड में व्यापक पैमाने पर लैंड जिहाद किया जा रहा है। इसके विरोध में विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा।

### डोईवाला विधायक के किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

देहरादून संवाददाता. डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नागेश्वरपुरम नकरौंदा देहरादून में डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने गुरुवार को 26 लाख की धनराशि से निर्मित होने वाली आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड 99 नकरौंदा के पार्षद राहुल कुमार, पूर्व प्रधान राहुल पंवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ नौडियाल, बालावाला के पार्षद प्रशांत खरोला, सरदार गुरजीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी: पैरा बैडमिंटन में प्रेम कुमार ने जीता स्वर्ण

देहरादून संवाददाता. युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री चौंपियनशिप ट्रॉफी 2025 के अंतर्गत दिव्यांगजन खिलाड़ियों के लिए आयोजित खेल महाकुंभ में पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रेम कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता 12 से 13 फरवरी तक देहरादून के आमवाला स्थित बैडमिंटन कोर्ट में आयोजित की जा रही है। फाइनल मुकाबले में प्रेम कुमार ने ऊधमसिंह नगर (यूएस नगर) के खिलाड़ी दीपक कुमार को सीधे सेटों में 21-15, 21-8 के अंतर से पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मुकाबले में प्रेम कुमार ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। प्रेम कुमार वर्तमान में सहकारिता विभाग में अपर जिला सहकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से विभाग और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। खिलाड़ियों और खेल अधिकारियों ने उनकी इस सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर हल्द्वानी मीडिया सेंटर में पत्रकारों हेतु लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**- 100 से अधिक लोगों द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का लाभ लिया गया, अनेकों प्रकार की जांच निशुल्क की गई**

हल्द्वानी संवाददाता. पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे पत्रकारों की जीवन शैली और कार्य की अधिकता एवं अनियमित दिनचर्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पत्रकारों हेतु विशेष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कैंप आयोजित किए जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को हल्द्वानी मीडिया सेंटर में सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के सहयोग से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया गया। शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल,मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल एवं संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय ने सामिल होकर उपलब्ध कराई गई स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ पत्रकारिता ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है, क्योंकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मीडिया शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाते हुए समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मीडिया प्रतिनिधियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति संवेदनशील है और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनकल्याणकारी दृष्टिकोण के अनुरूप आयोजित इस शिविर में एक्स-रे, ईसीजी, बीपी, शुगर, थायराइड एवं विभिन्न रक्त जांच सहित आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक एवं फिजिशियन द्वारा लाभार्थियों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत आवश्यक औषधियों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में जनपद के हल्द्वानी, रामनगर, लालकुआं, कालाढूंगी सहित विभिन्न क्षेत्रों से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्रतिनिधियों तथा उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 100 से अधिक पत्रकारों एवं उनके परिजनों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समय समय पर सभी क्षेत्रों में आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक मीडिया कर्मियों एवं आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। यह शिविर राज्य सरकार की उस दूरदर्शी सोच का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके अंतर्गत "सबका स्वास्थ्य, सबका विकास" की भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे पूर्व प्रात: जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरीश चन्द्र पंत एवं संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में डॉ0 आर एस कुॅवर फिजीशियन, डॉ0 सुधांशु सिंह हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ0 पीएस खोलिया, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ0 अनीता पवार, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ0 विजय नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ0 दीप्ति, दंतरोग विशेषज्ञ तथा दीपा सुनारी फार्मेसिस्ट के साथ ही मेडिकल टीम , जिला सूचना अधिकारी गिरिजा जोशी, सूचना अधिकारी अहमद नदीम सहित विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद रहे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। **सम्पादक - राजेश पंत**
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com